बीएएनई 143

विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस)

चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी)

विज्ञान स्नातक मानवविज्ञान

(ऑनर्स / मेजर)

(बीएससीएएनएच / बीएससीएफएएन)

सत्रीय–कार्य

जुलाई 2025 - जनवरी 2026 सत्र

पाठ्यक्रम कोडः बीएएनई 143

भारत की जनजातीय संस्कृतियाँ

मानवविज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110068

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम संदर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 **अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय** कार्य **(टी.एम.ए.)** करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बीएएनई 143 : भारत की जनजातीय संस्कृतियाँ** नामक अनुशासन विशिष्ट वैकल्पिक पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत अधिभार है।

सत्रीय कार्य- I में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य-III में प्रयोगिकी / परियोजना मैनुअल पर आधारित प्रश्न हैं। इन प्रश्नों से आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी परियोजना (प्रोजेक्ट)सिनोप्सिस का निर्माण कैसे करें और फील्ड परिस्थितियों में अपने ज्ञान, उपकरणों(टूल)व तकनीकों का प्रयोग परीक्षण को कैसे लागू करें।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम संदर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम संदर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

पूर्ण किये गये असाइमेंट (सत्रीय कार्य) को जमा करना:

सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	जमा करने का स्थान
जुलाई 2025 में नामांकित छात्रों के लिए	30 अप्रैल 2026	अपने शिक्षार्थी सहायता केंद्र के समन्वयक को
जनवरी 2026 में नामांकित छात्रों के लिए	30 सितंबर 2026	

कृपया अपना सत्रीय–कार्य जमा करने के लिए शिक्षार्थी सहायता केंद्र पर जाएँ तथा जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की रसीद अवश्य प्राप्त करें और इसे सुरक्षित रखें। यदि संभव हो तो, सत्रीय कार्यों की एक जेरोक्स (फोटोकॉपी) अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, शिक्षार्थी सहायता केंद्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, शिक्षार्थी सहायता केंद्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेंगे। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

1) योजना : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) संगठन : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

3) प्रस्तुतिकरण : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन

बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हों, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ

मानवविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

BANE 143: भारत की जनजातीय संस्कृतियाँ

अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय–कार्य

(TMA)

कोर्स कोड: बीएएनई 143

असाइनमेंट कोड: बीएएनई 143/ASST/TMA/ जुलाई 2025 और जनवरी 2026

कुल अंक: 100

सत्रीय कार्य में तीन अनुभाग हैं। आपको सभी अनुभागों में सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

सत्रीय कार्य – I

निम्नलिखित में प्रत्येक के बारे में 500 शब्दों में उत्तर दें। **2x40=40**

क. जनजातियों की अवधारणा पर चर्चा करें और भारत में उनके वितरण वाले भौगोलिक क्षेत्रों का एक रेखाचित्र प्रस्तुत करें।

ख. स्वदेशी समुदायों को परिभाषित करें। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और स्वदेशी लोगों की अवधारणा के बारे में संक्षेप में लिखें।

सत्रीय कार्य – II

निम्नलिखित में प्रत्येक के बारे में 250 शब्दों में उत्तर दें (लघु टिप्पणियाँ लिखें)। **2x10=20**

क. उपयुक्त उदाहरणों के साथ भारत में आदिवासी आंदोलनों पर चर्चा करें।

ख. उपयुक्त उदाहरणों के साथ विस्थापन और पुनर्वास के कारण जनजातियों पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों पर चर्चा करें।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए। **2x5=10**

क. वन नीतियाँ और जनजातियाँ

ख. आदिवासी आंदोलन

ग. वैश्वीकरण और जनजातियाँ

घ. जनजाति–जाति सातत्य

ङ. भारत में जनजातियों का नृविज्ञान

सत्रीय कार्य – III

क. एक विषय–संक्षेप (सिनोप्सिस) लिखें कि आप आदिवासी समुदाय में नृवंशविज्ञान अनुसंधान कैसे करेंगे। अध्ययन की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए अपने विषय–संक्षेप (सिनोप्सिस) में अध्ययन की इकाई का औचित्य सिद्ध करें। **20**

ख. सत्रीय कार्य– III (क) में आपके द्वारा प्रस्तावित वषय–संक्षेप (सिनोप्सिस) के लिए डेटा के गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन पर चर्चा करें। **10**